हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 6 अक्टूबर 2026

स्कूल से लौट रही शिक्षिका को ईको ने पीछे से मारी ठोकर, मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिला मुख्यालय से करीबन 20 किलोमीटर दूर स्थित ठेलकाडीह में सरकारी स्कूल में पदस्थ एक महिला टीचर की सड़क हादसे में मौत हो गई। शिक्षिका अन्य दो छात्राओं के साथ चौक में खड़ी होकर बस का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार ईको वाहन ने उन्हें ठोकर मारी। जिसमें उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अन्य दो छात्र घायल हैं। जिनका मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज जारी है।

ठेलकाडीह पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ठेलकाडीह सरकारी स्कूल में पदस्थ शिक्षिका किरण तिवारी पति मनीष तिवारी 42 वर्ष निवासी चिखली राजनांदगांव स्कूल की छुट्टी के बाद करीबन चार बजे ठेलकाडीह के मिनीमाता चौक में राजनांदगांव वापसी के लिए बस का इंतजार करती खड़ी थी। इसी दौरान दुर्ग की एक ईको स्पोर्ट वाहन द्वारा लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते उन्हें जोरदार ठोकर मार दी गई। हादसे में शिक्षिका के अलावा दो अन्य छात्र भी चपेट में आई। पहले इन तीनों को करीबी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से शिक्षिका को चिखली स्थित एक निजी अस्पताल एवं दोनों बच्चों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल पेंड्री रिफर किया गया। संजीवनी पहुंचने से पहले ही शिक्षिका की मौत हो चुकी थी। जबकि दोनों ही छात्राओं का इलाज जारी है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद दोनों ही घायल छात्राओं के परिजन अस्पताल पहुंचे। वहीं मृतक शिक्षिका के परिजनों ने भी अस्पताल पहुंचकर घटना स्थिति की जानकारी ली। इस घटना की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

नशे में था चालक

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इस घटना में वाहन चालक की गंभीर लापरवाही सामने आई है। बताया गया कि आरोपी शराब के नशे में वाहन चला रहा था। पुलिस ने मामले में आरोपी चालक को गिरफ्तार करते हुए उसके खिलाफ अपराध भी पंजीबद्ध कर लिया है।

इधर कटंगी रोड में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से साइकिल सवार बुजुर्ग की मौत, मामला दर्ज



गंडई पंडरिया। कटंगी रोड पर एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने साइकिल सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी। इस हादसे में सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आने से बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक छबिलाल पटेल आयु 60 वर्ष पिता मुंशी पटेल निवासी कटंगी 4 अक्टूबर को साइकिल पर लकड़ी बेचने गंडई आया थाए थे। लकड़ी बेचने के बाद वह कटंगी लौट रहा था इसी दौरान गंडई की तरफ से आ रही एचएफ डीलक्स मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 09 जेएल 4525 के चालक विक्की रजक पिता रामनाथ रजक निवासी कटंगी) ने अपने वाहन को अत्यधिक तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे छबिलाल के सिर और चेहरे पर चोटें आईं और अत्यधिक खून बहने के कारण घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। परिजनों व ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंडई लाया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि विक्की रजक की लापरवाही और तेज रफ्तार के कारण ही यह घटना हुई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 281, 125 (बी) और 106 (1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

हादसे में बाइक सवार की मौत

इधर औंधी थाना क्षेत्र अंतर्गत सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार बाइक में सवार होकर लोकनाथ रावटे उम्र लगभग 19-20 वर्ष ग्राम सरखेडा की ओर से औंधी की ओर जा रहा था। वह दोपहर लगभग 4-5 बजे सरखेडा-औंधी के बीच पहुंचा ही था कि बाइक अनियंत्रित हो गई और वह बाइक समेत गिर गया। पुलिस के अनुसार उक्त युवक को गंभीर अवस्था में उपचार हेतु औंधी चिकित्सालय लाया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई। इस घटना से युवक के परिवार में मातम का वातावरण निर्मित हो गया है।

डिंपल्स

कॉस्मेटिक सर्जरी द्वारा गालों में स्थायी डिंपल्स
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

खबर संक्षेप

अवैध रूप से शराब बिक्री, गिरफ्तार

राजनांदगांव। अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़कर 45 पौवा शराब बरामद कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार 2 अक्टूबर को छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत मुखबीर की सूचना पर घटनास्थल मुकुन्द सागर तालाब के पास आरोपी के घर के सामने छुईखदान में रेड कार्रवाई किया गया। आरोपी रोशन नेताम 20 साल के कब्जे से शराब 45 पौवा व बिक्री रकम 200 रुपए को जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी रोशन नेताम के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को 3 अक्टूबर को जेएमएफसी न्यायालय छुईखदान में पेश किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी रोशन नेताम को उपजेल सलोनी भेजा गया।

माए एंगल



मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में 90 यूनिट रक्त शेष

रक्त की कमी से जूझ रहे सरकारी अस्पताल, निजी में बढ़ रहे डोनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले कुछ समय से निजी ब्लड बैंकों में रक्तदान करने वालों की संख्या बढ़ रही है और शासकीय अस्पताल में रक्तदाताओं की कमी हो रही है। जिससे सरकारी ब्लड बैंक खाली हो रहे हैं। सरकारी अस्पतालों में आवश्यकता के अनुरूप रक्त की कमी बनी हुई है। लोगों को रक्तदान करने जागरूक किया जा रहा है।

जिससे पिछले कुछ समय से रक्तदाता भी बढ़े हैं, लेकिन इसका लाभ सरकारी अस्पतालों को ना मिलकर निजी संस्थाओं को मिल रहा है। गंभीर अवस्था में मरीज मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल पहुंचते हैं, जहां रक्त की कमी होने पर कई बार मरीजों को निजी संस्थानों से रक्त खरीदकर लाना पड़ा है। सरकारी अस्पताल में रक्तदान करने पर रक्तदाताओं को फ्रूटी और बिस्कुट दिया जाता है। वहीं निजी संस्थानों में रक्तदाताओं के लिए कॉफी, हेलमेट, बैग देने का चलन हो गया है। इसके बदले निजी संस्थाओं द्वारा रक्त को संग्रहित करने प्रोसेसिंग और अन्य खर्च जोड़कर 1 हजार से 16 सौ रुपए के बीच तक यूनिट लिया जाता है। सरकारी अस्पतालों में रक्तदान नहीं होने से गंभीर अवस्था में पहुंचने वाले मरीजों के जीवन पर संकट भी दिखाई दे रहा है ।



जिला अस्पताल में 150 यूनिट की कमी

जिला अस्पताल में भी रक्तदाताओं की कमी के चलते रक्त का संकट खड़ा हो गया है। जिला अस्पताल से डोंगरगढ़, छुईखदान, छुरिया और मोहला के अस्पताल में आपरेशन और जरूरतमंद मरीज के लिए रक्त भेजा जाता है। जिला अस्पताल में एक माह के भीतर लगभग ढाई से तीन सौ यूनिट रक्त की आवश्यकता होती है। वर्तमान में यहां आज 104 यूनिट रक्त ही उपलब्ध है। जिला अस्पताल में लगभग 100 रक्तदाता पंजीकृत है, लेकिन रक्तदान के लिए काम ही पहुंचाते हैं। विभिन्न शिविरों के माध्यम से रक्त की कमी को पूरी करने जिला अस्पताल का रक्त विभाग जुटा हुआ रहता है। जिला अस्पताल के ब्लड बैंक काउंसलर जगदीप सोनी ने बताया कि प्रतिमाह लगभग दो-ढाई सौ यूनिट की व्यवस्था हो जाती है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है।

नहीं पहुंच रहे डोनर

राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज अस्पताल में खैरागढ़ छईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, बालोद और राजनंदगांव जिले से मरीज पहुंचते हैं। इनमें से ज्यादातर सड़क दुर्घटना, डिलीवरी पेशेंट, सिकलिन, एनीमिया के मरीजों को रक्त की आवश्यकता होती है, लेकिन मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रक्तदाताओं की कमी के चलते पिछले कुछ महीनो से पर्याप्त रक्त की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रक्तदान करने महज 8 से 10 डोनर ही महीने में पहुंचते हैं। जबकि आमतौर पर ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 40 से 50 यूनिट रक्त की आवश्यकता होती है। वर्तमान में यहां 90 यूनिट रक्त ही बचा हुआ है।

निजी संस्थानों से निःशुल्क नहीं मिलता रक्त

निजी संस्थाओं के माध्यम से रक्तदाताओं को रक्तदान करने पर उपहार स्वरूप हेलमेट और बैग दिए जाने का चालान लगभग 7-8 महीनों से बढ़ गया है। रक्तदाता भी अब सरकारी अस्पतालों की जगह निजी संस्थानों में पहुंचकर रक्तदान कर रहे हैं। रक्तदाता सोचते हैं कि उनके द्वारा दिया गया रक्त जरूरतमंदों तक पहुंच जाएगा, लेकिन मरीज को यहां निःशुल्क नहीं मिल रहा है। दूसरी ओर निजी संस्थानों में रक्तदान करने से सरकारी अस्पतालों में रक्त की कमी होने लगी है।

चार निजी और दो सरकारी ब्लड बैंक

शहर में दो सरकारी और चार निजी ब्लड बैंक हैं। रक्तदाताओं का रूझान पिछले कुछ समय से शिविरों और निजी ब्लड बैंक की ओर दिखाई दे रहा है। जिसके चलते सरकारी ब्लड बैंक में रक्त की कमी हो रही है। निजी ब्लड बैंक से जरूरतमंद मरीज और उनके परिजनों को रक्त रुपए देकर खरीदने पड़ते हैं। जबकि सरकारी ब्लड बैंक में किसी भी रक्त समूह का रक्तदाता लाने पर निःशुल्क रक्त दे दिया जाता है। कई परिस्थितियों में रक्तदाता नहीं मिलने पर भी सरकारी ब्लड बैंक से मरीज को रक्त मिल जाता है। ऐसे में रक्तदाताओं को निजी ब्लड बैंक को छोड़ सरकारी ब्लड बैंक में रक्तदान करना चाहिए, ताकि जरूरतमंद को निःशुल्क ब्लड मिल सके।

साइबर ठगी में खाता का उपयोग, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

साइबर ठगी में प्रयुक्त म्यूल एकाउंट धारकों की जांच पड़ताल करते हुए पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा संचालित भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के समन्वय पोर्टल से प्राप्त जानकारी के आधार पर ऐसे म्यूल बैंक खातों की पहचान की गई, जिनका उपयोग साइबर ठगी से प्राप्त धनराशि के लेन-देन, व्ययन एवं संवर्धन के लिए किया जा रहा था। जांच के दौरान यह पाया गया कि आईसीआईसीआई बैंक खातों का उपयोग साइबर धोखाधड़ी से अर्जित अवैध धनराशि 91,85,000 रुपए को प्राप्त करने एवं आगे हस्तांतरित करने किया गया। बैंक खाता धारकों एवं सहयोगियों द्वारा यह जानते हुए भी कि उक्त राशि धोखाधड़ी एवं बेईमानी से प्राप्त की गई है, उसे प्राप्त एवं उपयोग किया जा रहा था। उक्त तथ्यों के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली राजनांदगांव में धारा 317 (4), 317(5), 3 (5) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर 3 अक्टूबर को आरोपी धनीराम सिन्हा 43 साल निवासी ग्राम जामरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा जा चुका है।

पुलिस ने की कार्रवाई

प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी जितेन्द्र पाण्डेय 34 साल दयानगर रिसाली, हिमांशु निर्मलकर 22 साल संजय नगर शिक्षक कॉलोनी कुरूद को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने पर 4 अक्टूबर को मामले में विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

बोरी में शराब, पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ठेलकाडीह

धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में आरोपी को पकड़कर 53 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार ठेलकाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत 2 अक्टूबर को पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर घटनास्थल ठेलकाडीह दुकान के पास रेड कार्रवाई किया। आरोपी अनिल जांगड़े 36 साल के कब्जे से एक सफेद रंग की बोरी में 53 पौवा शोले, शेरा देशी प्लेन शराब कीमती 4240 रुपए को जब्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी अनिल जांगड़े के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को 3 अक्टूबर को जेएमएफसी न्यायालय खैरागढ़ में पेश किया गया।

न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी अनिल जांगड़े को उपजेल सलोनी भेजा गया।







खबर संक्षेप



डोंगरगांव की होनहार छात्रा ने बढ़ाया मान

डोंगरगांव। स्थानीय पीएम श्री सेजेस की कक्षा 5वीं की प्रतिभावान छात्रा निष्ठा ठाकुर ने सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय ड्राइंग प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के लिए निष्ठा को शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने सम्मानित किया है।विद्यालय परिवार ने निष्ठा ठाकुर को इस सफलता के लिए बधाई दी है।

शिक्षक डड़सेना ने किया रक्तदान



साल्हेवारा। सेजेस साल्हेवारा में 4 अक्टूबर को सेवा सेतु अभियान अंतर्गत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पूर्व माध्यमिक शाला कोपरो में पदस्थ शिक्षक धनीराम डडसेना ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कासर्रा निवासी श्री डडसेना ने सभी से रक्तदान करने आह्वान किया। उनके रक्तदान करने से अन्य अन्य लोगों में उत्साह देखने को मिला।

संगठन महामंत्री से मिले भाजपाई



डोंगरगढ़। नवनियुक्त प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह के प्रवास के दौरान भाजपा के पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने रायपुर में सौजन्य भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान झारखंड के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय से भी मुलाकात की। इस अवसर पर पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, शहर अध्यक्ष सौमित्र सोनी, विनय बंसल, अमित बोस, सुमित ताम्रकर सहित अन्य उपस्थित थे।

पानी की कमी से फसल हो रही खराब



डोंगरगढ़। ग्राम पंचायत भंडारपुर, माटेकटटा, मुरमुंदा के आसपास के किसानों को फसल तैयार होने के अंतिम दिनों में पानी की कमी परेशान कर रही है। उक्त गांव में नहर के भरोसे ही फसल की सिंचाई होती है। क्षेत्र की नहर नाली के क्षतिग्रस्त हो गई है जिसकी मरम्मत नहीं कराया जा रहा है जिससे किसानों को नहर होने का फायदा नहीं मिल रहा है। वर्तमान में सैकडों किसानो की फसल खराब होने की स्थिति में आ गई है।

प्रार्थना शेड का लोकार्पण

खैरागढ़। ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में छुईखदान ब्लॉक के ग्रापं बरबसपुर आश्रित ग्राम नेवासपुर और ग्रापं लालपुर के आश्रित ग्राम इरिमकसा में 12.5 लाख रुपयो की लागत से निर्मित विभिन्न विकास कार्यों का जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के मुख्य आतिथ्य मे लोकार्पण हुआ। ग्रापं बरबसपुर में 5 लाख की लागत से निर्मित अटल डिजिटल सेवा केंद्र, नेवासपुर में 5 लाख से बने प्रार्थना शेड और ग्राम इरिमकसा में 2.5 लाख की लागत से निर्मित महिला समूह भवन का लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने कहा कि शासन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार कर योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। डिजिटल सेवा केंद्र से ग्रामीणों को जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र सहित विभिन्न ऑनलाइन सेवा गांव में ही उपलब्ध होंगी। वहीं महिला समूह भवन से महिलाओं को सामूहिक गतिविधियों और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में सुविधा मिलेगी।

अधिकारी पहुंचे गांव, स्टॉल लगाकर दी गई योजनाओं की जानकारी

शिविर में ग्रामीणों को समस्याओं से मिली मुक्ति







हरिभूमि न्यूज ⏭ साल्हेवारा

ग्राम में रविवार को सेवा संकल्प शिविर का आयोजन किया गया जिसमें प्रशासन ने ग्रामीणों से संवाद करने के साथ उनकी समस्याओं का समाधान किया।

शिविर में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में राजस्व विभाग ने नामांतरण, बंटवारा एवं फौती जैसे प्रकरणों के निराकरण करने के साथ आबादी भूमि के पट्टे वितरित किए गए। महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, विद्युत तथा सहकारिता विभाग सहित अन्य विभागों ने भी ग्रामीणों को योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी दी।



रक्तदान में दिखा उत्साह

राजनांदगांव जिला अस्पताल के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में 21 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में सरपंच दशरथ पटेल, रामपुर सहकारी समिति प्रबंधक संजय वर्मा, शिक्षक धनीराम डड़सेना, चंद्रभूषण यदु सहित अन्य शामिल थे।

विकास कार्यों की घोषणा

जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल ने विभिन्न गांवों में पुल-पुलिया, मुरुम सड़क, पंचायत भवन एवं शेड निर्माण जैसे विकास कार्यों की घोषणा की। इस मौके पर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने कहा कि ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थिति क्षेत्र की विकास संबंधी अपेक्षाओं को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि प्राप्त प्रत्येक आवेदन पर न्यायसंगत कार्रवाई की जाएगी तथा पात्र और जायज मांगों के निराकरण के लिए प्रशासन गंभीरता से कार्य करेगा। शिविर में एसडीएम अविनाश ठाकुर, तहसीलदार मोहन झारिया, खम्हन तामकार, हेमलता मंडावी, मन्नू मरकाम, ललित सोनी, पारस ठाकरे सहित अन्य उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान लगातार जारी

सेवा समारोह में महिलाएं सम्मानित

छुरिया। संकल्प सेवा अभियान अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग ने फाफामार में आंगन मिलन सेवा समारोह एवं संवाद चौपाल का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत लाममेटा, पाटेकोहरा, कल्लूबंजारी, लल्लूटोला में भी आंगन मिलन चौपाल का आयोजन किया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव थी। अतिथि के रूप में प्रशांत ठाकुर आदि शामिल हुए। इस मौके पर स्थानीय व्यंजन, पोषण प्रदर्शन एवं तिरंगा भोजन का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं मितानिनों को मुख्य अतिथि श्रीमती वैष्णव ने सम्मानित किया।

डोंगरगढ़। सेवा संकल्प अभियान के तहत भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने 4 अक्टूबर को बछेराभाटा में स्थित भीमराव अम्बेडकर बालक छात्रावास एवं वृद्धाश्रम में बिस्कुट का वितरण किया।

स्वच्छता के लिए जगमडवा पंचायत सम्मानित

सड़क अतरिया। सेवा संकल्प अभियान के तहत बीते दिवस पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं जिला प्रशासन ने स्वच्छता के लिए पंचायतों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत जगमडवा को स्वच्छता के लिए सम्मानित किया गया है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह एवं कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने सरपंच अमरबती साहू, उपसरपंच रमेश यादव सचिव तुकाराम पटेल, पीलुराम साहू को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

लोगों को लुभा रहा प्राकृतिक वाटरफाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव



ग्राम कट्टापार से लगे घने जंगलों के बीच स्थित प्राकृतिक वाटरफॉल इन दिनों क्षेत्रवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। चारों ओर घने जंगल और हरियाली के बीच बहते झरने का प्राकृतिक सौंदर्य लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। वाटरफॉल की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद आसपास के गांवों के लोगों को इसकी जानकारी मिली जिसके बाद से बड़ी संख्या में लोग इसे देखने पहुंच रहे हैं। गत दिनों ग्राम के बिट्टू गुप्ता, जयदेव, मुकेश साहू, गप्पू त्रिपाठी, मनोज रंगदारी सहित अन्य ने यहां पहुंचकर जंगल और वाटरफॉल का भ्रमण किया। यह प्राकृतिक वाटरफॉल खडगांव से लगभग 10 से 12 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम कट्टापार से लगे जंगलों के बीच स्थित है।

- जंगलों के बीच में है वाटर फाल
- हरियाली और प्राकृतिक नजारा देखने लायक

राष्ट्र, समाज और संस्कृति के निर्माण में शिक्षकों की भूमिका सराहनीय : ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

लाल बहादुर नगर में एल्टाई राजनांदगांव चैप्टर के तत्वावधान में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विभिन्न जिलों के शिक्षक शामिल हुए। मुख्य अतिथि अनुसूचित जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष एमडी ठाकुर थे। अध्यक्षता मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष पुष्पा सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथि सुशीला शर्मा, ईश्वरी सिन्हा, मोहन बोगा, अरुण साहू थे। रायपुर की पूर्वी सिन्हा ने भरतनाट्यम की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में महेश सिन्हा, संतोष मानिकपुरी, झरना साहू, राजकुमारी जैन, चुनिका सिन्हा, रोमलाल, राजकुमार सिन्हा, रेशमा सिन्हा, घनश्याम खरे, जितेंद्र ठाकुर, भीषम त्रिपाठी, आशीष गुप्ता, उमेश सलाम, अमित वर्मा, शिल्पी राय, कैसरीन बेग, पदमा साहू, जया डडसेना, भागवत बानी, टोमनलाल, राजेश्वरी यादव, रोहिणी यादव, योगिता साहू, धनेश्वरी पाटिल, अनीता डड़सेना, लोकेश्वर यादव, खुशबू यादव, कुंजू जांगड़े, वेदिका साहू, नंदिता साहू, आरती सिन्हा, आस्था सिन्हा सहित अन्य शामिल हुए। जय प्रकाश सिन्हा ने स्वागत भाषण दिया। संचालन डॉ. धनेश सिन्हा ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन त्रिनेत्रा साहू ने किया।

प्रदेश के शिक्षक हुए सम्मानित



योगदान को किया गया याद

इस मौके पर श्री ठाकुर ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र ही नहीं समाज और संस्कृति के भी निर्माता होते हैं। शिक्षक विद्यार्थियों को ज्ञान देने के साथ उनके व्यक्तित्व, संस्कार और जीवन मूल्यों का निर्माण करते हैं। कोंडागांव की सुशीला शर्मा ने कहा कि शिक्षक समाज का एक प्रमुख हस्ताक्षर होता है। एक समर्पित शिक्षक विषम परिस्थितियों में भी विकास की हरियाली ला सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों के विकास के लिए किए गए अपने प्रयासों और अनुभवों को साझा किया। प्रोग्राम सेक्रेटरी मोहन बोगा ने भी शिक्षक एवं विद्यार्थी विकास की प्रतिबद्धता व्यक्त की। राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक ईश्वरी सिन्हा ने कहा कि कोई भी सफलता एक दिन में नहीं मिलती। इस दौरान अरुण साहू, त्रिनेत्रा साहू, कौशल चंद्रवंशी, निरंजन महिपाल, अविनाश सिंह एवं डॉ. मुकेश सिन्हा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

कृष्ण गौशाला परिसर को आकर्षक बनाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

श्री कृष्ण गौशाला पिंजरापोल में आयोजित बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन कर सदस्यों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए। बैठक में गौशाला के सुचारु संचालन, गौवंश की देखभाल तथा व्यवस्थाओं में सुधार को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। दीपावली के पहले गौशाला परिसर को स्वच्छ, व्यवस्थित एवं आकर्षक बनाने तथा गौ आहार की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे गोविंदलाल चोपड़ा ने कहा कि गौसेवा केवल पद की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि विश्वास, निष्ठा और जवाबदेही से जुड़ा दायित्व है। उन्होंने सभी सदस्यों से समन्वय के साथ कार्य करते हुए गौशाला की व्यवस्थाओं बेहतर बनाने का आह्वान किया।

सौंपा गया दायित्व

नई कार्यकारिणी में गोविंदलाल चोपड़ा को अध्यक्ष, सुनील तापड़िया, मनमोहन अग्रवाल एवं राजू छाजेड़ को उपाध्यक्ष, श्रेयस भैया को महामंत्री, विवेक मोनू भंडारी एवं विनय रिंकू बंसल को सहमंत्री, सोनू नरेड़ी को कोषाध्यक्ष तथा रितेश पंचरिवाल, मनीष दरगड़ को सह-कोषाध्यक्ष बनाया गया है। दुग्ध प्रबंधन का दायित्व गोविंद चोपड़ा, विनय बंसल, मनीष दरगड़, गो-आहार गोविंद चोपड़ा, सोनू नरेड़ी, श्रेयस भैया, प्रकाश अग्रवाल, राजू भूत, गौ सेवा एवं संरक्षण का दायित्व सोनू नरेड़ी, गणेश नरेड़ी, मनमोहन अग्रवाल, गोपाल दम्माणी, राजू भूत, परिसर प्रबंधन एवं स्वच्छता की जिम्मेदारी राजू छाजेड़, विजय चौड़िया, राजू भूत रितेश पंचरीवाल को सौंपी गई है। जनसंपर्क एवं समन्वय का दायित्व गोविंद चोपड़ा, राजू छाजेड़, विजय चौड़िया, रितेश पंचरीवाल एवं विवेक मोनू भंडारी को दिया गया।

संचालक को बताई दिक्कतें

अध्यक्ष ने नगर विकास के लिए मांगी अनुदान राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी



नगर के विकास को गति देने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने गत दिनों नगरीय प्रशासन विकास विभाग के संचालक नीलेश महादेव क्षीरसागर से चर्चा कर अनुदान उपलब्ध कराने की मांग की। नगर अध्यक्ष ने निकाय की स्थितियों से अवगत कराते हुए अधोसंरचना मद, 15 वे वित्त तथा राज्य प्रवर्तित योजनाओं से जुडे विकास कार्यों की स्वीकृति एवं अनुदान राशि उपलब्ध कराने की मांग रखी। संचालक श्री क्षरसागर ने नगर अध्यक्ष की मांगो पर विचार करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। अध्यक्ष मानिकपुरी ने संचालक श्री क्षीरसागर को बताया कि दो दशक पूर्व निर्मित बस स्टैंड का परिचालन प्रांरभ नही हो पाया है। बस स्टैंड का पूरा इन्फ्रा स्ट्रक्चर कंडम हो गया है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की मदद से बस स्टैंड प्रांरभ करने के लिए वन विभाग से सडक के लिए जमीन प्राप्त की गई है। अनुदान प्राप्त होने पर बस स्टैंड प्रांरभ किया जा सकता है।

काम्पलेक्स के लिए मांगा अनुदान

नगर अध्यक्ष ने स्थापना व्यय की अधिकता को देखते हुए नगर के मुख्य मार्गो एवं व्यवसायिक क्षेत्रो में काम्पलेक्स निर्माण को आवश्यक बताया। उन्होंने वर्तमान बस स्टैंड, परमेश्वरी नगर, टाउन हाल, शहीद चौक, नया बस स्टैंड में काम्पलेक्स निर्माण एवं दो स्थानो पर चौपाटी के लिए अनुदान की मांग रखी। श्री क्षीरसागर ने निकाय को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासो की सराहना करते हुए कहा कि काम्पलेक्स निर्माण के लिए राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

आवास की लंबित किश्तों के भुगतान की मांग

नगर अध्यक्ष ने बताया कि पीएम आवास 1.0 योजना के कई हितग्राहियों की किश्तों का भुगतान नहीं होने से आवास अपूर्ण है। उन्होंने बताया कि नगर के लगभग 70 हितग्राही किश्त के लिए चक्कर काट रहे है। उन्होंने किश्त का भुगतान कराने की मांग की है।

रेलवे स्टेशन पर मिला अज्ञात का शव

डोंगरगढ़। रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 5 पर सोमवार को 40 से 45 वर्षीय अज्ञात पुरुष का शव मिलने से हड़कंप मच गया। जीआरपी के अनुसार उप स्टेशन मास्टर ने प्लेटफॉर्म पर एक व्यक्ति के अचेत होने की सूचना दी थी। सूचना मिलने पर रेलवे डॉक्टर ने मौके पर पहुंचकर व्यक्ति की जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। शव को मरच्युरी में रखवाया गया है। जीआरपी पुलिस ने मृतक की पहचान और उसके परिजनों की तलाश शुरू कर दी है।

युवाओं को दिया जाएगा प्रशिक्षण

सड़क अतरिया। वेद विज्ञान शिक्षा समिति द्वारा आगामी माह में युवाओं के लिए निः शुल्क प्रशिक्षण के लिए कौशल उत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत ऐसे युवा जो अपना स्वयं का व्यवसाय, उद्योग, लघु उद्योग स्थापित करना चाहते हैं उन्हे निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा प्रतियोगी परीक्षा के लिए भी निशुल्क प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए योग्यता 10 वी उत्तीर्ण निर्धारित है। प्रशिक्षार्थियों को बेसिक कम्प्यूटर, एमएस आफिस, टैली, हिंदी इंग्लिश टाइपिंग, एआई, प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने आदि की जानकारी दी जाएगी। पीएससी, व्यापम, कर्मचारी चयन आयोग के विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा के बारे में प्रशिक्षकों द्वारा बताया जाएगा। समिति द्वारा प्रशिक्षण का आयोजन सड़क अतरिया, छुईखदान, गंडई, खैरागढ़, रायपुर, धमतरी एवं कवर्धा में एक साथ आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण अवधि एक माह निर्धारित है।



खबर संक्षेप

चित्रकला में छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

छुईखदान। सेवा संकल्प अभियान के तहत शिक्षा विभाग ने खैरागढ़ में जिला स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में कन्या शाला छुईखदान की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। चित्रकला प्रतियोगिता के हाईस्कूल स्तर पर जन्नत कुर्रे ने द्वितीय तथा माध्यमिक स्तर पर स्नेहा साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं की इस उपलब्धि से विद्यालय में हर्ष का माहौल है। कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी उपेंद्र देवांगन ने छात्राओं से मंच पर ही चित्र बनवाकर उनकी प्रतिभा का अवलोकन किया। उन्होंने छात्राओं की कला एवं प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों की रचनात्मक क्षमता प्रोत्साहित होती है। जिला शिक्षा अधिकारी ने छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्राचार्य अनिल पाल एवं कन्या शाला परिवार को बधाई दी है।

राजेश, बीरेंद्र और कमलेश को डॉक्टरेट की मानद उपाधि

राजनांदगांव। बर्फानी सेवाश्रम समिति के अध्यक्ष और समाजसेवी राजेश मारू, वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक बीरेंद्र बहादुर सिंह एवं पत्रकार कमलेश सिमनकर को द लुसियाना रिसर्च यूनिवर्सिटी द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से विभूषित किया गया है। नई दिल्ली के द महफ़िल ग्रैंड में 4 अक्टूबर को आयोजित एक समारोह में विश्वविद्यालय की प्रतिनिधि संस्था एशिया बुक आफ रिकॉर्ड फाउंडेशन ने राजेश मारू को दीर्घकालीन समाजसेवा, बीरेंद्र बहादुर सिंह को तीन दशक की पत्रकारिता एवं साहित्य सेवा तथा कमलेश सिमनकर को पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉक्टरेट की मानद उपाधि से विभूषित किया गया। तीनों को डॉक्टरेट की मानद उपाधि मिलने पर उनके मित्रों और शुभचितकों ने शुभकामनाएं दी।



निधन

ठगनबाई साहू

राजनांदगांव। राहुल नगर संजय वार्ड क्र. 32 लखोली निवासी 101 वर्षीय श्रीमती ठगनबाई साहू पति स्व. भुखऊराम साहू का 5 अक्टूबर को निधन हो गया। स्वास्थ्यगत कारणों के चलते वे पिछले लगभग एक सप्ताह से शहर के एक निजी अस्पताल में उपचाररत थी, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से परिवार, रिश्तेदारों, परिचितों एवं शुभचिंतकों में शोक व्याप्त है। श्रीमती ठगनबाई साहू अपने पीछे चार पुत्रों महावीर साहू, सहाबीर साहू, संतोष साहू एवं पत्रकार अंकालू साहू सहित नाती-पोतों का भरापूरा परिवार छोड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार शाम 4 बजे निवास स्थान से निकली और लखोली मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया।



श्रीमती किरण तिवारी



राजनांदगांव। स्थानीय दीनदयाल कालोनी चिखली वार्ड नं. 6 निवासी श्रीमती किरण तिवारी का आज आकस्मिक निधन हो गया है। वे शासकीय प्राथमिक शाला ठेलेकाडीह में शिक्षिका थी। श्रीमती तिवारी अधिवक्ता मनीष तिवारी की धर्मपत्नी थी। उनका अंतिम संस्कार कल 6 अक्टूबर को 12 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा।

चारों जिलों के प्राधिकृत अधिकारियों ने रखी मांग

स्थानीय स्तर पर खरीदी व्यवस्था को यथावत रखने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ में आगामी धान उपार्जन सत्र के दौरान प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में जरूरी सामग्रियों की खरीदी को लेकर समितियों के प्राधिकृत अधिकारियों ने राज्य स्तरीय केंद्रीकृत व्यवस्था पर असंतोष जताया है। राजनांदगांव सहित चार जिलों के जिला सेवा सहकारी समिति मर्यादित संघ के बैनर तले प्राधिकृत अधिकारियों ने प्रदेश के सहकारिता मंत्री केदार कश्यप को पत्र लिखकर वर्तमान में प्रचलित स्थानीय क्रय व्यवस्था को ही यथावत रखने की मांग की है।

पत्र में उल्लेख किया गया है कि सहकारिता आयुक्त एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं द्वारा जारी आदेश के तहत धान उपार्जन हेतु आवश्यक सामग्री जैसे तारपोलिन, पॉलिथीन, कैप कवर, सीसीटीवी कैमरा, इलेक्ट्रॉनिक कांटा-बाट तथा नमी मापक यंत्रों के क्रय के लिए एक समान दर, मापदंड व गुणवत्ता निर्धारण हेतु छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक को राज्य स्तर पर नोडल एजेंसी अधिकृत किया गया है। इसके विरोध में समितियों के प्रतिनिधियों ने अपनी बात रखते कहा कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव के अंतर्गत 222 सेवा सहकारी समितियां कार्यरत हैं, जहां प्रत्येक समिति में धान खरीदी का पैमाना और मात्रा अलग-अलग होती है। इन कार्यों के लिए मार्कफेड द्वारा प्रासंगिक व सुरक्षा व्यय की प्रतिपूर्ति की जाती है। वर्तमान में सभी समितियों में शासन द्वारा नियुक्त प्राधिकृत अधिकारी कार्यरत हैं, जो शासन के भंडार क्रय नियमों का विधिवत पालन करते समिति की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार न्यूनतम दरों पर स्थानीय स्तर से ही इन सामग्रियों की खरीद सुनिश्चित करते आ रहे हैं।

हिरेन्द्र साहू, गिरवर साहू, बोधि साहू, रामकुमार गुप्ता, बोधन साहू, जयपाल सिन्हा, मोहर साहू तखत सोनकर टीकम साहू रामकुमार वर्मा, कपिल बघेल, नारायण साहू,चंद्र कुमार देवांगन, सुश्री सत्य भामा सलामे, चुनेश्वर साहू, अजय वैष्णव, हेमलाल साहू, कन्हैया वर्मा, दिनेश वर्मा, नरेश कुर्रे, लेखराम शिवहरे, सुभास सिंह ताराम, भूपेंद्र वर्मा, रामाधीन देवांगन, धनीराम चौधरी,हेनूराम साहू, खेमन साहू, गणपत सिन्हा,रामकुमार मंडावी, गोविन्द साहू सभी जिले के प्राधिकृत अधिकारी गण उपस्थित थे बैठक जिला भाजपा कार्यलय में आयोजित किया गया था सभी अध्यक्ष अपना विचार रखें, समिति स्तर पर भंडार क्रय अधिनियम का पालन करते हुए आवश्यक खरीदी, समय से धान का उठाव, मानक स्तर का बारदाना की व्यवस्था पर बात रखी।

70 अध्यक्ष हुए शामिल

प्रतिनिधियों ने सहकारिता मंत्री को अवगत कराया कि विगत वर्ष भी अपेक्स बैंक द्वारा राज्य स्तर से सामग्री खरीदी किए जाने के निर्णय पर प्राधिकृत अधिकारियों ने असंतोष दर्ज कराया था। अतः व्यवस्था में किसी भी प्रकार के केंद्रीयकरण के स्थान पर पूर्व से चली आ रही स्थानीय स्तर की क्रय प्रणाली को ही जारी रखा जाना चाहिए। इस मांग पत्र को सौंपने से पहले एक बैठक भी की गई। जिसमें चार जिलों के 70 समितियों के अध्यक्ष शामिल हुए। राजनांदगांव जिले की विभिन्न सेवा सहकारी समितियों व आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों के प्राधिकृत अधिकारियों एवं प्रभारियों ने अपने हस्ताक्षर कर समर्थन दर्ज कराया है।

छुईखदान में संत समागम 7 को

छुईखदान। शहीद नगरी छुईखदान में आगामी 7 अक्टूबर को केकतीबाड़ी मैदान में पंथ श्री हुजूर



उदित मुनिनाम साहेब के प्रथम संत समागम समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम को लेकर कबीरपंथी समाज एवं आयोजन समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए एसकेडीवी मिशन के प्रतिनिधि दिन-रात जुटे हैं। संस्था द्वारा दामाखेड़ा के मार्गदर्शन में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

आयोजन समिति के अध्यक्ष गुमान सिन्हा ने बताया कि तैयारियों को लेकर लगातार बैठकें आयोजित कर विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां तय की जा रही है। आयोजन में पूर्व विधायक कोमल जंघेल का मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। वहीं नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष गिरिराज किशोर दास सहित नगरवासियों का भी सहयोग मिल रहा है। समितियों का गठन किया गया है जिसमें मंच, संत आवास, भोजन, पेयजल, विद्युत, पार्किंग एवं वालंटियर व्यवस्था प्रमुख हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में बिसेसर दास, निरंता साहेब दास, लता साहू, रविदास, पुरुषोत्तम दास, पवन दास, भुनेश्वर दास, झूमुकदास, देवकरण वर्मा, तमेश्वर दास, मिथलेश दास, लखनदास, जनक दास, राधेश्याम सहित अन्य लगातार मेहनत कर रहे हैं।

जुटेंगे हजारों श्रद्धालु

पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने बताया कि 7 अक्टूबर का संत समागम ऐतिहासिक आयोजन बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में लगभग 35 से 40 हजार श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। जिले के अलावा राजनांदगांव, कवर्धा, बेमेतरा और दुर्ग जिले से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए पार्किंग, पेयजल, भोजन, बिजली, आवास एवं यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष तैयारियां की हैं।

छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

छेड़छाड़ के एक मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपी को पकड़कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार 2 अक्टूबर को आरोपी जीवन वर्मा 26 साल द्वारा छेड़छाड़ करने की रिपोर्ट पर 3 अक्टूबर को थाना छुईखदान में धारा 75(1)(i), 333 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस के अनुसार आरोपी जीवन वर्मा 26 साल को 3 अक्टूबर को विधिवत गिरफ्तार किया गया, जिसे 4 अक्टूबर को जेएमएफसी न्यायालय छुईखदान में पेश किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी जीवन वर्मा को उपजेल सलोनी भेजा गया।

अग्रसेन जयंती महोत्सव में प्रतिभाओं ने दिखाया हुनर

राजनांदगांव। अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत अग्रसेन भवन में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में समाज के बच्चों, महिलाओं एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन द्वारा मधुसूदन अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल की स्मृति में ओमप्रकाश अग्रवाल द्वारा प्रायोजित 'गीता के ज्ञान से सफलता की ओर' विषय पर मोटिवेशनल स्पीकर गगन लड्ढा ने कृष्णा जीपीएस पर दो घंटे का शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को समाजजनों ने काफी सराहा। तत्पश्चात रायपुर के इस्कॉन मंदिर की टीम ने करीब आधे घंटे की भजन प्रस्तुति दी। भजनों की प्रस्तुति से उपस्थित समाजजन मंत्रमुग्ध हो गए।



4 अक्टूबर की प्रतियोगिताओं के परिणाम

अग्रवाल महिला मंडल की सह-सचिव स्वाती राहुल अग्रवाल एवं बुलबुल राम अग्रवाल ने बताया कि 4 अक्टूबर को आयोजित प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे। ओरिगामी प्रतियोगिता में आशी आयुष अग्रवाल ने प्रथम, वेस्ट से बेस्ट प्रतियोगिता में भूमिका दिनेश जिंदल प्रथम तथा आरव दिनेश जिंदल द्वितीय रहे। गीता के श्लोक प्रतियोगिता में आदित्य सुनील अग्रवाल प्रथम तथा आन्या अंकित अग्रवाल द्वितीय रही। रामायण प्रश्नावली प्रतियोगिता में आन्या अंकित अग्रवाल प्रथम तथा आदित्य सुनील अग्रवाल द्वितीय रहे। वहीं 1 मिनट गेम में शशि राजेश खोकरिया ने बाजी मारी। जबकि सुरभि प्रतियोगिता में राखी मनीष अग्रवाल विजयी रही। उक्त जानकारी कार्यक्रम प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

नेशनल आर्चरी गेम में सृष्टि चौरसिया ने जीता रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

तीरंदाजी की राष्ट्रीय खिलाड़ी सृष्टि चौरसिया ने राष्ट्रीय स्तर पर एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। बीते दिनों पानीपत में आयोजित सीबीएसई नेशनल गेम्स 2026-27 में सृष्टि ने शानदार प्रदर्शन करते रजत पदक अपने नाम किया है, जिस पर गौ सेवकों द्वारा उनका सम्मान किया गया।

स्वास्तिक जनसमर्पण समिति के प्रदेश संयोजक अंशुल कसार ने बताया कि श्रृष्टि आरक्षक रंजीत चौरसिया और महिला आरक्षक श्रीमती चौरसिया की सुपुत्री है। वह राह तीरंदाजी अकादमी पुलिस लाइन में नियमित रूप से तीरंदाजी का प्रशिक्षण भी प्राप्त करती है। श्रृष्टि ने पढ़ाई के साथ-साथ खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करती आई है और वह लगातार मेहनत कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यम मिश्रा ने बताया कि इससे पहले भी सृष्टि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल कर चुकी है। लगातार दूसरे वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतना उनकी निरंतर मेहनत, अनुशासन और अभ्यास का प्रमाण है। सम्मान कार्यक्रम के अवसर पर गौसेवक अंशुल कसार, सत्यम मिश्रा, समाजसेवी मोहित यादव, सारंग ताम्रकार, युवा नेता अविरल मिश्रा, प्रभात टेम्बेकर, शुभम नाविक ने उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।



भूपेंद्र सेन अध्यक्ष, उमेश व तारामती बने ब्लॉक उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव ब्लॉक की कार्यकारिणी की घोषणा राकेश साहू ने की। जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष भूपेंद्र सेन और उमेश वर्मा व तारामती कंवर उपाध्यक्ष बने।

ब्लॉक पंचायत का उपसरपंच संघ की बैठक राजनांदगांव के जनपद सभागृह में आयोजित की गई।मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष मनोज सुखटेल, प्रदेश संयुक्त सचिव अनुज निषाद व अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राकेश साहू ने की।

राजनांदगांव ब्लॉक की कार्यकारिणी का चयन कर सर्वसम्मति से घोषित किया गया। जिसमें राजनांदगांव ब्लॉक अध्यक्ष पद भूपेंद्र सिंह सुंदरा, उपाध्यक्ष उमेश वर्मा डिलापहरी, महिला उपाध्यक्ष तारामती कंवर टेडेसरा, सचिव विजय राजपूत सोमनी, सचिव प्रेमलता साहू धीरी, कोषाध्यक्ष देवराज निषाद उसरीबोड, महासचिव जगेश्वर साहू ठाकुरटोला, संयोजक टेमनलाल साहू जराही, सुखीराम गठुला सह कोषाध्यक्ष, बिसन साहू सिंगपुर, संरक्षक में कृष्णा साहू भानपुरी शामिल हैं।

जिला अध्यक्ष राकेश साहू ने बैठक में वित्त अधिकार, बीमा, मानदेय, वार्ड पंच को 5 वर्ष में 5 लाख, पेंशन, सम्मान व अधिकार के लिए ब्लॉक के उपसरपंचों को एकजुट होने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान जिला सचिव आशीष साहू, जिला मीडिया प्रभारी राम भाई काकेतरा, गणेश वैष्णव रवेली, बड़ी संख्या में ब्लॉक के सरपंचगण शामिल हुए।

कांग्रेस ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- घर-घर पहुंचकर जुटाया जनसमर्थन

प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार एवं शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के निर्देश पर बढ़ी हुई बिजली दरों को वापस लेने तथा स्मार्ट मीटर के स्थान पर सामान्य मीटर लगाए जाने की मांग को लेकर कांग्रेस द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में वार्ड क्र. 38 दिग्विजय वार्ड में कांग्रेस नेता विशु अजमानी एवं सागर ताम्रकार ने घर-घर पहुंचकर वार्डवासियों से मुलाकात की। इस दौरान नागरिकों ने बिजली बिलों में बढ़ोत्तरी तथा स्मार्ट मीटर को लेकर अपनी समस्याएं एवं सुझाव साझा किए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नागरिकों से हस्ताक्षर करवाए और आवेदन फॉर्म भरवाकर बिजली दरों में की गई बढ़ोत्तरी वापस लेने, स्मार्ट मीटर के स्थान पर सामान्य मीटर लगाए जाने सहित अन्य मांगों को दर्ज किया।



घरेलू बजट पर असर

कांग्रेस नेता विशु अजमानी ने कहा कि बिजली प्रत्येक परिवार की मूलभूत आवश्यकता है। बिजली बिलों में होने वाली बढ़ोत्तरी का असर आम परिवारों के घरेलू बजट पर पड़ता है। आम उपभोक्ताओं की समस्याओं और मांगों को सामने लाने के उद्देश्य से कांग्रेस कार्यकर्ता लगातार जनता के बीच पहुंचकर हस्ताक्षर अभियान चला रहे हैं। सागर ताम्रकार ने कहा कि वार्डवासियों ने बिजली बिलों और स्मार्ट मीटर को लेकर अपनी समस्याएं एवं चिंताएं साझा की है। हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से नागरिकों की मांगों को एकजुट रूप से संबंधित स्तर तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान लकी साहू, हर्षिल भलावे, प्रियांश भिमटे, सौमिल जैन, जुगल ताम्रकार, अंशुल श्रीवास्तव एवं देवेंद्र देवांगन सहित युवा साथियों ने अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई।

विस अध्यक्ष ने ली रेलवे अधिकारियों की बैठक

रमन ने जिले में रेलवे के विकास कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रायपुर स्थित निवास में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के मार्गदर्शन में राजनांदगांव में रेलवे से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों को लेकर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में महापौर मधुसूदन यादव भी शामिल हुए और शहर की जनता के हित में रेलवे अधिकारियों को महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे (एसईसीआर) महाप्रबंधक तरुण प्रकाश, डीआरएम नागपुर दीपक गुप्ता, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ राजनांदगांव जिले से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा एवं समीक्षा की गई।



अंडरब्रिज निर्माण की धीमी गति पर कराया ध्यानाकर्षण

बैठक में चिखली एवं गौरीनगर अंडरब्रिज की धीमी प्रगति से शहर की जनता को हो रही असुविधा एवं परेशानी का मामला उठाते महापौर ने इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर यथाशीघ्र पूर्ण किए जाने रेलवे के अधिकारियों का ध्यानाकृष्ट किया। इसके अलावा बैठक में मोतीपुर मिनी अंडरब्रिज, बरगा-आलिवारा-मुसरा में प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना के तहत निर्मित ओवरब्रिज को बारिश से हुई क्षति, परमालकसा में ओवरब्रिज की आवश्यकता सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव जिले में सुरक्षित आवागमन, सुगम यातायात एवं बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रेलवे के इन विकास कार्यों में तेजी लाने तथा संबंधित अधिकारियों के साथ आवश्यक समन्वय स्थापित कर समयबद्ध निराकरण हेतु दिशा-निर्देश दिए।

युगांतर ने चैम्पियनशिप के शुरूआती मैच जीते

राजनांदगांव। युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालक अंडर-19 आयु वर्ग की बास्केटबॉल टीम ने नेशनल सीबीएसई बास्केटबॉल चैम्पियनशिप के शुरूआती मैच जीते। युगांतर की टीम ने अपने पहले लीग मैच में गुरूनानक देव स्कूल भटिंडा की टीम को 57-27 अंक से परास्त किया। युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की ओर से रूहान ने 23 अंक, कालवा सर्वज्ञ राव ने 17 अंक, हिमांशु सिंह ने 13 अंक , शुभम सिंह ने 4 अंक बनाए। जबकि सुजल, धरमवीर, यशवंथ एवं ज्ञानेश्वर राव ने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर टीम को विजय दिलाई। टीम बास्केटबॉल कोच नवनीत द्विवेदी, सहायक कोच गणेश भंडारे के मार्गदर्शन में शानदार प्रदर्शन कर रही है।

टीम का प्रदर्शन सराहनीय

स्कूल के पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि विद्यालय की टीम पिछले कई वर्षों से क्लस्टर और नेशनल चैंपियन रही है। इस सत्र में भी टीम का प्रदर्शन अब तक सराहनीय रहा है। टीम के शुभम सिंह (कप्तान), हिमांशु सिंह, कालवा सर्वज्ञ राव, रूहान, कालवा अथर्व राव, अथर्व प्रताप सिंह,चिराग चंदेल, धर्मवीर सिंह, सुजल प्रजापत, वीं यशवंथ, ज्ञानेश्वर वीं, युवान सारडा इस बार भी अपने सर्वश्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन कर रहे हैं। विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर, निदेशक सुशील कोठारी, चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक नरेंद्र कोटड़िया सहित युगांतर परिवार ने टीम के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कामना की है।

बर्फानी में शारदीय क्वांर नवरात्र की तैयारियां अंतिम चरणों में

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बर्फानी सेवाश्रम समिति द्वारा मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ बर्फानी आश्रम में शारदीय क्वांर नवरात्र 11 से 19 अक्टूबर तक हवन, पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठान के साथ ही ज्योत प्रज्वलन का कार्यक्रम आयोजित है। इसके अलावा इस वर्ष शरद पूर्णिमा पर 25 अक्टूबर को श्वांस, दमा व अस्थमा पीड़तों को जड़ीबुटी युक्त खीर प्रसाद का निःशुल्क वितरण किया जाएगा।

संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू' ने बताया कि शारदीय क्वांर नवरात्रि पर्व बर्फानी आश्रम स्थित मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ में भी 11 से 19 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। जिसमें प्रतिदिन माता व अन्य देवी देवताओं की विधि-विधान से पूजा-पाठ के अलावा आरती पूजन का कार्यक्रम आयोजित है।



18 को हवन व 19 को विसर्जन

इस बार नवरात्र पर पड़ने वाली महाअष्टमी का श्रीयंत्र रूपी यज्ञशाला में हवन 18 अक्टूबर को संध्या 6 बजे से व दुर्गा नवमी 19 अक्टूबर को प्रातः कुंवारी कन्या भोजन, महाआरती एवं ज्योति कलश विसर्जन का कार्यक्रम आयोजित है।

शरद पूर्णिमा पर बटेंगी खीर

संस्था द्वारा पिछले 27 वर्षों से भी अधिक समय से मानव सेवा एवं जनकल्याण के तहत बांटी जाने वाली निःशुल्क खीर प्रसाद का वितरण इस वर्ष शरद पूर्णिमा के अवसर पर 25 अक्टूबर की रात्रि श्वास, दमा व अस्थमा पीड़तों को पौराणिक मान्यता अनुसार निःशुल्क जड़ी बुटी युक्त खीर प्रसाद का वितरण करने का निर्णय भी लिया गया है।

नौ दिन होंगे आयोजन

11 अक्टूबर को अविभाज्य मुहूर्त दोपहर 11.36 से 12.24 के मध्य गौरी गणेश नवग्रह स्थापना, गुरु पूजन के पश्चात माई ज्योत व गुरु ज्योत प्रज्जवलन के साथ ही माता व भोलेनाथ की आरती उतारी जाएगी। तत्पश्चात मनोकामना ज्योति कलश रखने वाले श्रद्धालुओं की ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की जाएगी। 15 अक्टूबर को नवरात्रि की पंचमी पर मां पाताल भैरवी सहित मां राज राजेश्वरी, त्रिपुर सुंदरी, दस महाविद्या, भगवान पातालेश्वर महादेव सहित द्वादश ज्योतिर्लिंगों, हनुमान जी, गणेश जी व भैरव बाबा का विशेष श्रृंगार किया जाएगा।

खुल गया... खुल गया... खुल गया...

कुबोटा

जापानी तकनीक

का शोरुम अब

खैरागढ़ (छुईखदान, गंडई, साल्हेवारा) एवं मोहला के किसानों के लिए खुशखबरी

पता : राजनांदगांव रोड़, खैरागढ़

दम भी भरोसा भी 8 साल की सुपर वारंटी

कुबोटा मतलब प्रीमियम प्रोडक्ट



बुकिंग प्रारंभ

किसान भाईयों के लिए आकर्षक उपहार





न्यू कुबोटा ट्रक बॉडी हार्वेस्टर लांच

सेल्स, सर्विस एवं स्पेयर पार्ट्स सभी सुविधाएं उपलब्ध



कुबोटा चैन हार्वेस्टर



बुकिंग करने डायरेक्ट शोरूम आने पर विशेष छूट

3 साल सुपर वारंटी
+ 1 साल स्टैंडर्ड वारंटी*
+ 2 साल एक्सटेंडेड वारंटी*

*नियम एवं शर्तें लागू



अब एक ही छत के नीचे समस्त कृषि उपकरण

कुबोटा

–: आवश्यकता है :–

देश की प्रमुख ट्रैक्टर कंपनी में से एक सबसे ज्यादा बिकने वाली जापानी कंपनी कुबोटा में



पदनाम	स्थान	पदनाम	स्थान
सेल्स मैनेजर	राजनांदगांव, खैरागढ़ एवं मोहला जिले में	सेल्स एक्जीक्यूटिव	राजनांदगांव, खैरागढ़ एवं मोहला जिले में
कम्प्यूटर आपरेटर (युवक-युवती) एकाऊंट एवं टैली वर्क का अनुभव	राजनांदगांव, खैरागढ़ एवं मोहला जिले में	सेल्स एक्जीक्यूटिव	राजनांदगांव, खैरागढ़ एवं मोहला जिले में
		मैकेनिक (ITI, Diploma) अनुभवी	राजनांदगांव, खैरागढ़ एवं मोहला जिले में
रिटेल फायनेंस एक्जीक्यूटिव	राजनांदगांव, खैरागढ़ एवं मोहला जिले में	मैकेनिक (ITI, Diploma) अनुभवी	राजनांदगांव, खैरागढ़ एवं मोहला जिले में
रिसेप्शनिष्ट कम्प्यूटर ज्ञान अनिवार्य	राजनांदगांव, खैरागढ़ एवं मोहला जिले में	हेल्पर	राजनांदगांव, खैरागढ़ एवं मोहला जिले में
सेल्स एक्जीक्यूटिव	राजनांदगांव, खैरागढ़ एवं मोहला जिले में	ड्राईवर	राजनांदगांव, खैरागढ़ एवं मोहला जिले में
		चौकीदार	राजनांदगांव, खैरागढ़ एवं मोहला जिले में

ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिए सैलरी+कमीशन पर कार्य करने का सुनहरा अवसर।

फिल्ड वर्क के लिए स्वयं की मोटर साईकिल अनिवार्य।

अनुभवी को प्राथमिकता

बघेल ट्रेक्टर्स

हेड ऑफिस
एन.एच.06. नागपुर हाईवे रोड
बनभेड़ी, राजनांदगांव (छ.ग.)

ऑफर जानने के लिए कॉल करें: 9753893377, सर्विस एवं स्पेयर : 7067137966

खबर संक्षेप

तितली खोजकर्ताओं ने पत्थरों पर उकेरे कला के रंग

कोलेगांव। कवर्धा वनमंडल और भोरमदेव आदिवासी चितेरे फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित पंख-2026 भोरमदेव बटरफ्लाई मीट (सीजन-3) के दौरान एक अनूठा और रचनात्मक आयोजन देखने को मिला। इस कार्यक्रम के तहत बाहर से आए तितली विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और प्रकृति प्रेमियों को पत्थरों पर पारंपरिक और प्राकृतिक चित्रकारी करने का विशेष प्रशिक्षण दिया गया।



आयोजन में भोरमदेव के प्राकृतिक सौंदर्य और तितलियों के विविध रूपों को पत्थरों पर उकेरने की विधि सिखाई गई। इस कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में बलबीर प्रसाद विश्वकर्मा, प्रभात विश्वकर्मा और मन्नू जयराम मरावी ने प्रतिभागियों को पत्थर पेंटिंग (रॉक आर्ट) की तकनीकों की बारीकियां सिखाईं। रंगों और प्रकृति का सुंदर संगम प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने प्राकृतिक पत्थरों पर रंगों की मदद से तितलियों, पक्षियों और वन्यजीवों की मनमोहक आकृतियां बनाईं। वन विभाग और चितेरे फाउंडेशन की इस संयुक्त पहल का उद्देश्य कला के माध्यम से जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है। बाहर से आए शोधकर्ताओं और प्रतिभागियों ने इस अनुभव को बेहद सुखद और यादगार बताया। उन्होंने कहा कि तितलियों की खोज के साथ-साथ स्थानीय पारंपरिक कला को सीखने का यह अवसर बेहद सराहनीय है। कार्यक्रम के अंत में पत्थरों पर उकेरी गई सुंदर कलाकृतियों की सभी ने सराहना की।

शक्ति केंद्र रूसे में सेवा सेतु कार्यक्रम आयोजित

कुण्डा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं राष्ट्र सेवा के गौरवपूर्ण 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तथा विकसित भारत 2047 के संकल्प को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत कुण्डा मण्डल के शक्ति केंद्र रूसे में सेवा सेतु-सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, मण्डल प्रभारी रूपेश जैन एवं मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के निर्देशानुसार तथा शक्ति केंद्र प्रभारी विकास पाण्डेय के कुशल मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रभारी जिला कार्यकारिणी सदस्य संतोष चंद्रवंशी एवं संयोजक सुरेश दुबे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से घर-घर जाकर भेंट-मुलाकात की। इस दौरान लाभार्थियों से सीधा संवाद कर योजनाओं का लाभ मिलने की जानकारी ली गई और सरकार के प्रति उनके विचारों व अनुभवों को सुना गया। लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला गैस, आयुष्मान भारत, महतारी वंदन सहित विभिन्न योजनाओं से मिले लाभ के लिए प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी संतोष चंद्रवंशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सेवा संकल्प अभियान केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि सेवा भाव का जन आंदोलन है। उन्होंने कहा कि पिछले 25 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा को समर्पित किया है, और उन्हीं के प्रेरणा से भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि सेवा सेतु कार्यक्रम के माध्यम से हम लाभार्थियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को समझ रहे हैं और सरकार व जनता के बीच सेतु का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गीताराम साहू, दिलीप चंद्रवंशी, सुधाराम साहू, सूरज यादव, नंदू यादव, बद्री साहू, दिनेश टंडन सहित शक्ति केंद्र के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित थें।



लाभार्थियों ने सुनाई सेवा की कहानी, कहा योजनाओं से मिला जीवन में सहारा

कोलेगांव। पीएम नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं राष्ट्र सेवा के गौरवपूर्ण 25 वर्ष पूर्ण होने तथा विकसित भारत 2047 के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत कुण्डा मंडल के शक्ति केंद्र सुकली गोविंद में सेवा सेतु सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, मंडल प्रभारी रूपेश जैन एवं मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के निर्देशानुसार कार्यक्रम शक्ति केंद्र प्रभारी सेवाराम कुर्रे, कार्यक्रम प्रभारी ओम यदु एवं संयोजक अश्वनी यदु के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम प्रभारी एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा तथा जिला बेमेतरा प्रभारी ओम यदु के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क कर सीधा संवाद किया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्जवला योजना, किसान सम्मान निधि, महतारी वंदन योजना सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों से उनके अनुभव सुने गए तथा योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर फीडबैक लिया गया। लाभार्थियों ने योजनाओं से मिल रहे लाभ पर संतोष व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ओम यदु ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान कार्यकर्ताओं के लिए गौरव का विषय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन में सेवा को ही अपना धर्म माना है। उनका संकल्प अंत्योदय, गरीब कल्याण और राष्ट्र प्रथम रहा है। कार्यक्रम संयोजक अश्वनी यदु ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं अब घर-घर तक पहुंच रही हैं। प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत और महतारी वंदन योजना से किसान, गरीब एवं महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रत्येक लाभार्थी से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनने और समाधान के लिए सेतु बनने का आह्वान किया।

कार्यक्रम : जिला मुख्यालय कवर्धा के ऑडिटोरियम में युवा उड़ान का हुआ भव्य आयोजन

युवा उड़ान में प्रतिभाओं का सम्मान, युवाओं को राष्ट्र निर्माण में योगदान का दिया संदेश

- प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, बिहान की दीदियों एवं विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वालों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन से छत्तीसगढ़ निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। युवाओं की प्रतिभा और ऊर्जा को सही दिशा देकर उन्हें राष्ट्र एवं समाज के नव निर्माण में सहभागी बनाना आवश्यक है।

श्री तोमर ने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम कवर्धा में आयोजित युवा उड़ान-2026 कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि पीएम श्री मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा उड़ान-2026 का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मेरे सपनों का भारत विषय पर स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित भाषण एवं रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों तथा जिले के स्व-सहायता समूहों को 17 करोड़ रुपए से अधिक की बैंक क्रेडिट लिंकेज राशि उपलब्ध कराने में योगदान देने वाली बिहान की दीदियों एवं बैंकर्स का भी सम्मान किया गया। इस दौरान चित्रकला, भाषण और नुक्कड़ नाटक का जीवंत प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति, नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, श्रीमती रेखा पाण्डेय, अभिषेक अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी खेल अधिकारी सुश्री रुचि शार्दूल, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चेतन साहू, डिप्टी कलेक्टर संजय मरकाम सहित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थें। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, खिलाड़ियों एवं महिलाओं को सम्मानित किया गया। मेरे सपनों का भारत विषय पर आयोजित भाषण एवं रंगोली प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक स्तर पर उपलब्धियां हासिल करने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों तथा जिले के स्व-सहायता समूहों को 17 करोड़ रुपये से अधिक की बैंक क्रेडिट लिंकेज राशि उपलब्ध कराने में योगदान देने वाली बिहान की दीदियों एवं बैंकर्स का सम्मान भी किया गया।

युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा राष्ट्र निर्माण की शक्तिः श्री तोमर



मुख्य अतिथि विश्व विजय सिंह तोमर ने युवाओं को देश का भविष्य एवं महत्वपूर्ण धरोहर बताते हुए कहा कि युवाओं को अपनी प्रतिभा और ऊर्जा का उपयोग सकारात्मक, रचनात्मक एवं सृजनात्मक कार्यों में करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सफल व्यक्ति की उपलब्धि के पीछे कठिन परिश्रम, त्याग, तपस्या और संघर्ष की लंबी यात्रा होती है। उन्होंने युवाओं को स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायी संदेश उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए को आत्मसात करते हुए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होने पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में देश में हुए विकास कार्यों और उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश में चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 की तुलना में एमबीबीएस की सीटों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है तथा एम्स जैसे प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों की संख्या भी बढ़ी है।

सफलता के लिए मेहनत, सकारात्मक सोच और धैर्य जरूरी: भावना बोहरा

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने युवा उड़ान 2026 के आयोजन की सराहना करते हुए जिले के युवाओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। लक्ष्य प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत, सकारात्मक सोच और धैर्य जरूरी है। उन्होंने युवाओं से सफल व्यक्तियों के जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेने का आह्वान किया, ताकि उनके संघर्ष और वास्तविक जीवन की परिस्थितियों को समझकर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल सके। श्रीमती बोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने चंद्रयान मिशन, डिजिटल इंडिया सहित विभिन्न पहलों की चर्चा करते हुए कहा कि देश 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों के साथ कबीरधाम जिला भी निरंतर आगे बढ़ रहा है। भोरमदेव मंदिर के विस्तारीकरण सहित जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्य इसके उदाहरण हैं।

नशामुक्ति व स्वच्छता अभियान का दिया संदेश

- पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बढ़ाया कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम बसनी में युवा एकता एवं जनसेवा समिति बसनी द्वारा गांव में नशामुक्ति, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में समिति के सदस्यों द्वारा गांव के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर नशामुक्ति संबंधी जागरूकता पोस्टर लगाए गए, जिसके माध्यम से ग्रामीणों को शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने का संदेश दिया गया।

समिति द्वारा ग्रामीणों से अपील की गई कि नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहकर अपने परिवार, समाज एवं गांव के बेहतर भविष्य के निर्माण में योगदान दें। युवाओं ने कहा कि नशामुक्त गांव केवल एक व्यक्ति या संस्था के प्रयास से नहीं,



बल्कि समस्त ग्रामवासियों की सामूहिक सहभागिता से ही संभव है। अभियान का उद्देश्य युवाओं और आने वाली पीढ़ी को नशे से बचाकर स्वस्थ, सुरक्षित एवं संस्कारवान समाज का निर्माण करना है।

इसके साथ ही गांव में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य किया गया। गांव में मौजूद पेड़-पौधों की सुरक्षा एवं उचित देखभाल के लिए आवश्यक चबूतरा निर्माण किया गया। चबूतरा बनने से वृक्षों को सुरक्षित रखने के साथ-साथ उनके आसपास साफ-सफाई बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। समिति के सदस्यों ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण का हिस्सा नहीं, बल्कि हमारे जीवन का आधार हैं। पेड़ों की सुरक्षा करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

वृक्षों के संरक्षण से गांव में हरियाली बढ़ेगी, वातावरण स्वच्छ रहेगा और आने वाली पीढ़ियों को बेहतर पर्यावरण मिल सकेगा। युवा एकता एवं जनसेवा समिति बसनी द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्ति, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के इन प्रयासों को ग्रामीणों द्वारा भी सराहनीय पहल बताया जा रहा है। समिति ने आगे भी गांव में जागरूकता अभियान, स्वच्छता कार्य, वृक्षारोपण एवं वृक्ष संरक्षण जैसे जनहित के कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

रामधुनी में सुखाताल को मिला द्वितीय पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

गांव-गांव में आयोजित होने वाली रामधुनी प्रतियोगिता अब अंतिम पड़ाव में पहुंच चुकी है। लगातार एक माह तक पूरे क्षेत्र के अनेकों गांवों में रामधुनी झूला का कार्यक्रम बरसात में चला। इस वर्ष का अंतिम कार्यक्रम बेमेतरा जिला के ग्राम बैहरसरी में 3 व 4 अक्टूबर को चौबीस घंटे का सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में विभिन्न टोलियों ने भाग लेकर अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इसी कड़ी में ग्राम सुखाताल जुन्नापारा के मां शारदा श्रीराम हरिकीर्तन मंडली ने एक बार फिर से अपनी अलग पहचान बनाई। गहरे आसमानी रंग के पोशाक में पारंपरिक वाद्य यंत्रों ढोलक, झांझ, मंजीरा, झुमका के साथ नवयुवकों की टोली ने एक स्वर में गायन-वादन कर आयोजकों एवं दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया और द्वितीय पुरस्कार 11001 रुपए नगद व मोमेंटो से सम्मानित हुए। इससे पहले भी क्षेत्र के ग्राम बीरसिंघी में प्रथम व कठौतिया में द्वितीय पुरस्कार अपने नाम किया।

बताया जाता है कि ग्राम सुखाताल जुन्नापारा के रामधुनी टोली की खासियत है कि ग्राम के महामाया मंदिर में लगातार रात में साप्ताहिक कीर्तन करते हैं, जिसमें बिना किसी आधुनिक वाद्य यंत्र के पारंपरिक बाजा के साथ प्रस्तुति देते हैं। सुखाताल जुन्नापारा में महामाया मंदिर प्रांगण में श्रीरामचरित मानस का गायन-वादन प्रत्येक वर्ष चार माह तक बिना रुके रोज दो से तीन दोहा तक किया जाता है।

यह आयोजन ग्राम के पुरोहित पं सुरेश शर्मा व उदय शर्मा के मार्गदर्शन में होता है। पूरे वर्ष भर साप्ताहिक रामायण का कार्यक्रम भी वर्षों से निर्बाध गति से चल रहा है। रामधुनी टोली में ढोलक पर चंद्रकुमार वर्मा, सुनील वर्मा, वहीं गायन का बीड़ा नोहर, नकुल, भागवत व लक्ष्य कुमार के साथ पूरी टीम उठाती है।

पर्यावास अधिकार प्राप्ति की दिशा में बैगा सम्मेलन आयोजित किया



पंडरिया। विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम भंगीटोला में पर्यावास अधिकार प्राप्ति की दिशा में बैगाओं ने अंतिम चरण की तैयारी हेतु बैगा पर्यावास बैठक आयोजित किया। इस कार्यक्रम में विकास खण्ड के 110 बैगा बसाहटों में से 339 बैगाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम को बैगाओं के पारंपरिक मुखियाओं तथा पर्यावास अधिकार में स्थानीय सहयोगी संस्था वा भूमिका निभाने वाली संस्था आदिवासी समता मंच द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बैगाओं के प्रदेश अध्यक्ष ईतवारी मछिया ने जानकारी दी कि जल्द ही पंडरिया के सभी बैगा बसाहटों में बैगा के पर्यावास अधिकार आवेदन प्रक्रिया के अंतिम चरण में शासन द्वारा स्थल सत्यापन किया जायेगा। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल सभी 110 गांव के बैगा प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि स्थल सत्यापन के दौरान सभी बैगा ग्रामवासी अनिवार्य रूप से उपस्थित थें। पारंपरिक मुखिया गौठू बैगा ने कहा कि जल्द ही सभी बैगा बसाहटो में पर्यावास अधिकार विषय पर ग्राम सभा आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बैगा प्रतिनिधियों से अपील की ग्राम सभा दौरान सभी बैगा उपस्थित थें और यह सुनिश्चित करें कि कम से कम एक तिहाई महिला जरूर रहे ताकि ग्राम सभा का कोरम पूरा हो। आदिवासी समता मंच के पंडरिया ब्लाक समन्वयक हेमंत गढ़ेवाल ने कहा पर्यावास अधिकार दस्तावेज फार्मेट में जनसंख्या संबंधी जानकारी वाले पेज में अगर किसी का नाम दर्ज नहीं हो तो वे अपना नाम अवश्य जुड़वाएं। उन्होंने कहा कि जनसंख्या संबंधी जानकारी लगभग एक वर्ष पूर्व की गई थी अतः अगर पिछले एक वर्ष के दौरान अगर कोई बच्चा गांव में जन्म लिया होगा और कोई बहु आयी होगी तो उसका नाम भी जरूर दर्ज होना चाहिए ताकि वह भी पर्यावास अधिकार के दर्ज अधिकार वाहक हों। आदिवासी समता मंच के कार्यकत्ता अनिल धुर्वे ने बताया कि पारंपरिक मुखिया तथा सहयोगी संस्था आदिवासी समता मंच द्वारा पर्यावास अधिकार आवेदन का 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया जैसे 110 बैगा बसाहटों में रह रहे, सभी बैगाओं का सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक अधिकार तथा मौजूद जैवविविधता, पारंपरिक बौद्धिक संपदा, मान्यतायें इत्यादि ग्राम सभा तथा बैगा वन अधिकार समिति का गठन, 2 बार ग्राम सभा आयोजन किया।

गांव के विकास का प्लान अब ग्रामीण खुद बनाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले की ग्राम पंचायतों में विशेष ग्रामसभा आयोजित कर ग्रामीणों से गांव के विकास की कार्ययोजना तैयार करने पर चर्चा की गई। विकसित भारत-2047 के लक्ष्य के तहत जी राम जी योजना से ग्रामीणों की जरूरत के अनुसार विकास कार्यों की पहचान की योजना में शामिल 375 संभावित कार्यों में से स्थानीय जरूरत के काम तय करने पर विचार हुआ।

शिविर जनता की समस्याओं के समाधान, सुशासन प्रतीक : नितेश

बोड़ला में सेवा सेतु शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

बोड़ला में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित सेवा सेतु शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिक, हितग्राहियों को योजनाओं का मिला लाभ सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत बोड़ला में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में भाजपा जिला महामंत्री नितेश अग्रवाल ने सहभागिता करते हुए बड़ी संख्या में उपस्थित जनमानस से भेंट-मुलाकात की, शिविर को संबोधित किया तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया।

इस अवसर पर हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को उनके नवनिर्मित आवास में गृह प्रवेश के लिए चाबी सौंपी। शिविर में विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं, आवेदनों एवं योजनाओं से संबंधित विषयों का निराकरण किया गया।

योजना सीधे पहुंचे यही सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य

नितेश अग्रवाल ने कहा कि सेवा सेतु शिविर जनता जनार्दन के कामों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने वाले सुशासन का प्रतीक है। प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की जो भावना निरंतर दिखाई देती है, उसी संकल्प को जमीन पर साकार करने का कार्य ऐसे शिविरों के माध्यम से हो रहा है। सरकार और जनता के बीच दूरी कम हो तथा पात्र व्यक्ति तक शासन की योजना और उसका लाभ सीधे पहुंचे यही सेवा संकल्प अभियान का मूल उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की हैं।



महिला पर हमला कर किया घायल, बिलासपुर से आई टीम

स्नेहा अस्पताल की पार्किंग में घुसा तेंदुआ, पांच घंटे बाद सुरक्षित रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

वनांचल क्षेत्रों से लगे ग्रामीण और आबादी वाले इलाकों में वन्यप्राणियों की दस्तक आम बात है, लेकिन जिला मुख्यालय कवर्धा के बीचोंबीच एक तेंदुए के पहुंच जाने की घटना ने लोगों में दहशत पैदा कर दी। सोमवार को शहर के स्नेहा अस्पताल की पार्किंग में अचानक तेंदुआ घुस आया।

तेंदुए की मौजूदगी की जानकारी मिलते ही अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि अस्पताल प्रबंधन ने सूझबूझ दिखाते हुए पार्किंग स्थल के सभी दरवाजे बंद कर दिए, जिससे तेंदुआ वहीं कैद हो गया और उसे सुरक्षित रेस्क्यू करने का अवसर मिल गया। बताया जाता है कि सोमवार सुबह करीब 10 बजे अस्पताल की पार्किंग में लोगों की नजर तेंदुए पर पड़ी। इसके बाद यह खबर कुछ ही देर में पूरे शहर में फैल गई। तेंदुए ने इससे पहले एक महिला यशोदा बाई पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घायल महिला का उपचार स्नेहा अस्पताल में ही चल रहा है। घटना की सूचना तत्काल वन विभाग और पुलिस प्रशासन को दी गई।

सूचना मिलते ही वनमंडलाधिकारी के नेतृत्व में वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। तेंदुए को सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू करने के लिए बिलासपुर स्थित कानन पेंडारी से विशेषज्ञ टीम को बुलाया गया। टीम के पहुंचने तक पार्किंग स्थल को पूरी तरह सुरक्षित कर लोगों की आवाजाही रोक दी गई।

करीब पांच घंटे के इंतजार के बाद कानन पेंडारी की टीम ने तेंदुए को बेहोश करने के लिए गनशॉट का इस्तेमाल किया। पहला गनशॉट लगने के बाद भी तेंदुआ बेहोश नहीं हुआ। इसके बाद दूसरा गनशॉट किया गया, जिसके बाद तेंदुआ बेहोश हो गया। वन विभाग की टीम ने उसे सुरक्षित अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की।





तेंदुए को देखने उमड़ी सैकड़ों लोगों की भीड़

स्नेहा अस्पताल की पार्किंग में तेंदुआ घुसने की खबर जैसे ही शहर में फैली, मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। सैकड़ों लोग तेंदुए की एक झलक देखने के लिए अस्पताल परिसर के आसपास जमा हो गए। भीड़ को नियंत्रित करना पुलिस के लिए चुनौती बन गया। स्थिति को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया और लोगों को अस्पताल परिसर से दूर रखा गया। इस दौरान लोगों में तेंदुए को लेकर उत्सुकता के साथ दहशत भी देखने को मिली। तेंदुए के सफल रेस्क्यू के बाद अस्पताल प्रबंधन, मरीजों और आसपास मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली।

सितंबर में ग्राम सिंघनपुरी से भी पकड़ा गया था तेंदुआ

यह पहला मामला नहीं है जब कवर्धा क्षेत्र में तेंदुए ने आबादी क्षेत्र में दस्तक दी हो। बीते 10 सितंबर को जिला मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर दूर ग्राम सिंघनपुरी में भी एक तेंदुए का रेस्क्यू किया गया था। उक्त तेंदुआ लंबे समय से धान के खेत में डेरा डाले हुए था और ग्रामीणों के मवेशियों का शिकार कर रहा था। वन विभाग की टीम ने काफी मशक्कत के बाद उसे सुरक्षित रेस्क्यू किया था।

आबादी क्षेत्रों में वन्यप्राणियों की दस्तक चिंता का विषय



वनांचल से लगे ग्रामीण क्षेत्रों के बाद अब जिला मुख्यालय जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र में तेंदुए का पहुंचना निश्चित रूप से चिंता का विषय है। लगातार वन्यप्राणियों के आबादी क्षेत्रों में आने से मानव-वन्यप्राणी संघर्ष की आशंका भी बढ़ रही है। ऐसे में वन विभाग और प्रशासन को इस गंभीर विषय पर ठोस रणनीति बनाने की जरूरत है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके और मानव जीवन के साथ-साथ वन्यप्राणियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके।

श्रीराम राइस मिल में 2.10 करोड़ के धान के अपयोजन का मामला



- संयुक्त जांच में 4,554 क्विंटल चावल कम मिला, संचालक को 3 दिन में जवाब देने प्रशासन ने थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शिकायत के आधार पर खाद्य शाखा द्वारा गठित संयुक्त जांच टीम ने बोड़ला विकासखंड के ग्राम गंडईकला स्थित श्रीराम राइस मिल में दबिश देकर जांच एवं भौतिक सत्यापन की कार्रवाई की। जांच के दौरान मिल में निर्धारित स्टॉक की तुलना में बड़ी मात्रा में चावल कम पाया गया।

टीम के अनुसार कुल 4,554.52 क्विंटल चावल, जिसकी अनुपातिक धान मात्रा 6,797 क्विंटल है, कम पाया गया। धान की प्रचलित दर 3,100 रुपए प्रति क्विंटल के आधार पर इसकी अनुमानित कीमत 2 करोड़ 10 लाख 70 हजार 700 रुपए आंकी गई है। मामले में खाद्य शाखा ने मिल संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने कहा है।

कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा से मिली जानकारी के अनुसार 3 अक्टूबर को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बोड़ला आशुतोष शर्मा के नेतृत्व में राजस्व, खाद्य, पुलिस, नागरिक आपूर्ति निगम, स्टेट वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन एवं विपणन संघ की संयुक्त टीम ने मिल की जांच की। जांच के दौरान मिल संचालक अनुपस्थित मिले। मोबाइल से संपर्क करने पर उन्हें मिल में उपस्थित होने की सूचना दी गई, लेकिन वे नहीं पहुंचे। संचालक द्वारा भेजे गए प्रतिनिधि रमेश चंद्रवंशी की मौजूदगी में जांच एवं भौतिक सत्यापन किया गया। जांच के दौरान मिल परिसर में ताला लगा मिला। मौजूद कर्मचारियों के पास चाबी नहीं थी। मिल प्रबंधक से संपर्क करने पर स्वास्थ्य खराब होने की बात कही गई तथा चाबी भेजने से इनकार किया गया। टीम ने असहयोगात्मक रवैये को देखते हुए पंचों की मौजूदगी में ताले की वीडियोग्राफी कराई और अनुविभागीय दंडाधिकारी की उपस्थिति में ताला खुलवाकर मिल की जांच की।

जांच के दौरान मिल में 8,844 बोरा धान मिला

भौतिक सत्यापन में खुले स्टेक क्रमांक-1 में 3,426 बोरा मोटा धान तथा स्टेक क्रमांक-2 में 1,338 बोरा पतला धान मिला। इसके अलावा 338 बोरी ब्रोकन राइस और 580 बोरा चावल पाया गया। मिल के हॉपर में करीब 3,000 बोरा धान भी मिला। जांच टीम के अनुसार मिल परिसर में कुल 8,844 बोरा धान उपलब्ध था, जिसकी अनुपातिक चावल मात्रा 5,925.48 क्विंटल आंकी गई। ऑनलाइन रिकॉर्ड के अनुसार मिलिंग वर्ष 2025-26 में मिल संचालक के पास 10,480 क्विंटल चावल जमा किया जाना शेष प्रदर्शित हो रहा था। इसके मुकाबले भौतिक सत्यापन में महज 5,925.48 क्विंटल चावल मिला। इस तरह 4,554.52 क्विंटल चावल कम पाया गया।

दस्तावेज भी नहीं मिले, 75 हजार खाली बारदाने बरामद

जांच के दौरान मिल परिसर में बी-01 पंजी, मासिक विवरणी पंजी सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं मिले। बिजली मीटर की रीडिंग 1458.2 दर्ज की गई। परिसर में करीब 75 हजार खाली जूट बारदाने भी पाए गए। जांच टीम ने धान एवं चावल के स्टॉक को जब्त कर मिल संचालक के प्रतिनिधि की अभिरक्षा में आगामी आदेश तक सुपुर्द किया है। प्रतिनिधि का लिखित बयान भी दंडाधिकारी के समक्ष दर्ज किया गया तथा मौके का नजरी नक्शा तैयार किया गया।

राजसात, वसूली और ब्लैकलिस्ट करने की तैयारी

नोटिस में मिल संचालक से पूछा गया है कि जब्त सामग्री शासन के पक्ष में राजसात क्यों न की जाए, अपयोजित धान की 3,100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से राशि क्यों न वसूली जाए तथा बैंक गारंटी शासन के पक्ष में क्यों न राजसात की जाए। इसके अलावा मिल को आगामी तीन वर्ष के लिए काली सूची में डालने और अभियोजन की कार्रवाई शुरू करने संबंधी प्रस्ताव पर भी जवाब मांगा गया है। जांच टीम ने अनुबंध की शर्तों के साथ छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग एवं धान उपार्जन आदेश 2016 की विभिन्न कंडिकाओं के उल्लंघन का उल्लेख किया है। नोटिस में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत कार्रवाई का भी उल्लेख है। संचालक को स्वयं अथवा प्रतिनिधि के माध्यम से तीन दिवस के भीतर अपना पक्ष प्रस्तुत करने कहा गया है। जवाब नहीं देने पर एकपक्षीय कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

खबर संक्षेप

ग्राम गैंदपुर में शिविर का आयोजन

कवर्धा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार' के तहत ग्राम गैंदपुर, विकासखंड सहसपुर लोहारा में क्लस्टर स्तरीय शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के 19 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने सहभागिता की। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी एवं हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य रोशन दुबे, राघवेंद्र वर्मा, नरेश साहू, जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा सिंह, बसंत शर्मा, राजेश कौशिक सहित 19 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, स्व-सहायता समूह की महिलाएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार का उद्देश्य शासन की योजनाओं और सुविधाओं को सीधे ग्रामीणों तक पहुंचाना है। ऐसे शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी के साथ पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए विभागीय अधिकारी-कर्मचारी पूरी संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करें।

14 लाख का गौठान बना शोपीस, खुले में गौवंश

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन की पूर्व सरकार की महत्वाकांक्षी नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना के तहत ग्राम खपरी में करीब 14 लाख रुपए की लागत से बनाया गया गौठान वर्तमान में उपयोगहीन पड़ा है।

जिस उद्देश्य से गौठान का निर्माण कराया गया था, वह पूरा होता नजर नहीं आ रहा है। गांव में 60 से अधिक बेसहारा गौवंश खुले में घूम रहे हैं और किसानों की खड़ी फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे किसान दिन-रात अपने खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं। ग्राम खपरी में करीब ढाई एकड़ क्षेत्र में गौठान का निर्माण कराया गया है। पूरे परिसर की फेंसिंग तार से घेराबंदी की गई है।

मवेशियों के पानी पीने के लिए 15 से अधिक कोटना बनाए गए हैं। इसके अलावा नलकूप की व्यवस्था भी है, जिससे पर्याप्त पानी उपलब्ध कराया जा सकता है। पशुओं के खड़े होने के लिए टिन शेड और चबूतरे का भी निर्माण कराया गया है। इसके बावजूद वर्तमान में गौठान में एक भी पशु नहीं रखा जा रहा है।



खेतों में पहुंचकर फसल कर रहे चौपट, किसान परेशान

गौठान के उपयोग में नहीं आने के कारण गांव में घूम रहे बेसहारा मवेशी किसानों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। मवेशियों के झुंड खेतों में पहुंचकर खड़ी फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसान फसल बचाने के लिए दिन-रात खेतों की निगरानी कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद नुकसान रोक पाना मुश्किल हो रहा है।

गौठान सक्रिय करने की मांग

ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से खपरी के गौठान का समुचित उपयोग शुरू कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि गौठान में नियमित चारा-पानी की व्यवस्था के साथ पशुओं की देखरेख के लिए चरवाहे की नियुक्ति की जाए। इससे बेसहारा गौवंश को सुरक्षित स्थान मिल सकेगा और किसानों की फसल भी बचाई जा सकेगी। ग्रामीणों का कहना है कि गौठान को सक्रिय करने से गोबर से खाद निर्माण सहित रोजगार से जुड़ी गतिविधियां भी शुरू की जा सकती हैं। इससे योजना के मूल उद्देश्य को पूरा करने के साथ गांव के किसानों और ग्रामीणों को भी इसका लाभ मिल सकेगा।

उन्नतशील कृषि के लिए चोवाराम को मिला मां कर्मा प्रतिभा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू के मार्गदर्शन में रायपुर के टिकरापारा स्थित साहू छात्रावास के ताराचंद सभागृह में मां कर्मा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं महत्वपूर्ण कार्य करने वाले कबीरधाम जिले के चोवाराम साहू को उन्नतशील कृषि एवं कृषि क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान मिलने पर समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामकृष्ण साहू रहे, जबकि अध्यक्षता टीआर साहू ने की।



विशिष्ट अतिथियों के रूप में तरुण कुमार, सकृत लाल, बीसी साहू एवं रामफल साव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सचिव डॉ. बेदलाल साहू, डॉ. एलएस गजपाल, प्रो. घना राम साहू, डॉ. जया साहू एवं डॉ. ललित साहू सहित समाज के अनेक गणमान्यजन मौजूद रहे। चोवाराम साहू को सम्मानित किए जाने पर डॉ. सियाराम साहू, सत्यप्रकाश साहू, साधना साहू, प्रदीप साहू, विष्णु साहू, प्रदेश महामंत्री किसान प्रकोष्ठ डॉ. बालाराम साहू, जीआर साहू, शीतल साहू, पतिराम साहू, ईश्वर साहू, भोलाराम साहू, धर्मराज साहू, कौशल साहू, खिलेश्वर साहू, लालचंद साहू, रामकृष्ण साहू, हरीश साहू, कृष्णा साहू, दशरथ साहू, विजय साहू, श्रवण साहू, राधेश्याम साहू, गणेश साहू, जलेश्वर साहू, भागीरथी साहू सहित समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

सरोधा बांध में पर्यटकों से विवाद, समझाइश के बाद भी नहीं माना युवक, पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



सरोधा बांध में पर्यटकों और राहगीरों से विवाद कर गाली-गलौज एवं हंगामा कर रहे एक युवक के खिलाफ सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की।

पुलिस के मौके पर पहुंचने के बाद युवक को समझाइश देकर शांत रहने की हिदायत दी गई, लेकिन इसके बावजूद उसने दोबारा हंगामा शुरू कर दिया। स्थिति बिगड़ने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के लिए न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार, घटना 4 अक्टूबर की है। सिटी कोतवाली पुलिस को सूचना मिली थी कि सरोधा बांध के पास एक युवक पर्यटकों और वहां आने-जाने वाले लोगों से विवाद कर गाली-गलौज कर रहा है।

सूचना मिलते ही पुलिस की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। मौके पर तारो निवासी लक्ष्मण साहू आयु 20 लोगों से विवाद करते हुए हंगामा कर रहा था। पुलिस ने लक्ष्मण साहू को समझाइश देते हुए शांति बनाए रखने और किसी से विवाद नहीं करने की हिदायत दी। इसके बावजूद वह दोबारा जोर-जोर से चिल्लाने लगा। उसके व्यवहार से मौके पर लोगों की भीड़ जुटने लगी और स्थिति मारपीट तक पहुंचने की आशंका बनने लगी।

पुलिस ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए युवक को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने संभावित अप्रिय घटना को रोकने के लिए लक्ष्मण साहू को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया। इसके बाद शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा 126 एवं 135(3) बीएनएसएस के तहत इस्तगासा तैयार कर अधिक से अधिक प्रतिभूति से प्रतिबंधित किए जाने के लिए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

पर्यटन स्थलों पर रहेगी पुलिस की निगरानी

सिटी कोतवाली पुलिस ने कहा कि सार्वजनिक एवं पर्यटन स्थलों पर विवाद, गाली-गलौज अथवा मारपीट की स्थिति पैदा करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का उद्देश्य संभावित अप्रिय घटना को समय रहते रोकना और पर्यटकों व आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। पुलिस ने लोगों से पर्यटन स्थलों पर शांति एवं अनुशासन बनाए रखने तथा किसी भी संदिग्ध या विवादित स्थिति की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में खिलौना बैंक की स्थापना

पांण्डातराई नगर में खिलौना संग्रह अभियान प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए खिलौना संग्रह अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान का उद्देश्य 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के मानसिक, बौद्धिक एवं रचनात्मक विकास को बढ़ावा देना तथा खेल-खेल में सीखने की प्रक्रिया को मजबूत करना है। इसके लिए जिले के सभी नगरीय निकायों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में खिलौना बैंक की स्थापना की जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को नगर पंचायत पांडातराई के आंगनबाड़ी केंद्र सोनीपारा में खिलौना संग्रह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरिता सोनी, उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर तथा पार्षद रानू पांडे, सुशील गुप्ता, सूर्यकांत सोनी, कन्हैया चंद्रवंशी एवं कदम बाई बंजारे ने बच्चों के लिए खिलौने दान किए। ग्रामवासियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए आंगनबाड़ी के बच्चों के लिए खिलौने प्रदान किए।

पांडातराई सेक्टर पर्यवेक्षक ने भी किए खिलौने दान



पांडातराई सेक्टर की पर्यवेक्षक श्रीमती ममता बांधेकर ने भी खिलौने दान कर अभियान में योगदान दिया। महिला एवं बाल विकास विभाग ने सभी दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। पार्श्वरा सेक्टर की पर्यवेक्षक श्रीमती कमलेश साहू सहित नगर पंचायत की समस्त कार्यकर्ताओं का अभियान में महत्वपूर्ण सहयोग रहा। विभाग ने समाज के लोगों से बच्चों की खुशियों में सहभागी बनते हुए खिलौना दान करने की अपील की है।

अपर आगर व्यपवर्तन योजना को लेकर किया गया मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

शासन के निर्देशानुसार 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत 'जल जन सेवा संकल्प' के तहत जल संसाधन विभाग द्वारा जारी कैलेंडर के अनुसार आज विकासखंड पंडरिया अंतर्गत अपर आगर व्यपवर्तन योजना के निकटवर्ती हितग्राही ग्राम दुल्लापुर में जल संरक्षण एवं जल उपयोग को लेकर जन संवाद एवं निरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कृषकों और ग्रामवासियों के साथ योजना के अंतर्गत सिंचाई कमांड क्षेत्र, नहरों के माध्यम से अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने, जल के समुचित उपयोग तथा नहरों के रख-रखाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। अधिकारियों ने ग्रामीणों को नहर में मिट्टी बांधने तथा नहर बैंक को क्षतिग्रस्त नहीं करने की समझाइश दी। साथ ही नहरों की सुरक्षा एवं बेहतर रख-रखाव से अंतिम छोर तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने में मिलने वाले लाभों की जानकारी दी गई।

जन संवाद के दौरान जल संरक्षण एवं जल उपयोग में जनभागीदारी के महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। अधिकारियों ने बताया कि किसानों एवं ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से जल का बेहतर प्रबंधन किया जा सकता है और सिंचाई व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। इस दौरान ग्रामीणों ने अधिकारियों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और जल संरक्षण, व्यपवर्तन व्यवस्था तथा नहरों की सुरक्षा से संबंधित अपने विचार एवं सुझाव भी साझा किए।

ग्रामीणों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए जल संरक्षण एवं सिंचाई व्यवस्था को बेहतर बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही।